बेटी दिवस

अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर जबलपुर की बेटियों ने दिया सशक्त समाज का संदेश

# बेटियां केवल घर नहीं, देश भी संभाल सकती है

**नवभारत, जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर जबलपुर शहर की बेटियों ने समाज को एक स्पष्ट संदेश दिया बेटियां केवल घर नहीं, देश भी संभाल सकती हैं। इस विशेष दिन पर जबलपुर की कई होनहार बेटियों ने अपने विचार नवभारत को साझा किए और बेटियों को समान अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया।**

## अभिभावक बेटियों पर करें भरोसा



विगत 5 साल से लगातार मेहनत करने के बाद पांचवें अटेम्प्ट में मुझे यह सफलता प्राप्त हुई है। मेरा मानना है कि बेटियां भी किसी बेटों से कम नहीं होती हैं, अगर उन्हें अपने परिवार और समाज में आगे बढ़ने का मौका मिलता है तो वह बहुत कुछ करके दिखा सकती हैं। यह कहना था जबलपुर की बेटी स्वर्णा दीवान का, जिन्होंने हाल ही में एमपीपीएससी 2025 की परीक्षा में नौवीं रैंक हासिल कर डिप्टी कलेक्टर बनी हैं। अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस को लेकर स्वर्ण दीवान ने नवभारत से चर्चा कर बताया कि अभिभावकों को अपनी बेटी पर भरोसा करके उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए, उनकी पढ़ाई पर विशेष रूप से ध्यान दें, जिसको ध्यान में रखते हुए बेटियां भी अपने कर्तव्य को निभाएं। जिससे वह वह अपने समाज संस्कृति को ध्यान में रखते हुए अपना और परिवार का नाम रोशन कर सकें। आप वंशीलाल दीवान- मंजू दीवान की सुपुत्री हैं।

## मां का सपना पूरी करने बिटियां बनी अफसर




बेटियों को आत्मनिर्भर होना चाहिए, स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता नहीं हो:एएसपी

बेटियां घर में खुशियां लाती हैं माता-पिता भी बेटियों से अपेक्षा रखते हैं आज के बदले हुए इस दौर में बेटियों को आत्मनिर्भर, अच्छे संस्कार ग्रहण करना चाहिए। स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता नहीं होना चाहिए। यह बातें नवभारत से चर्चा के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी ने कही।

उन्होंने बताया कि मां श्रीमती गीता तिवारी की इच्छा थी कि उनकी बेटी आत्मनिर्भर बने तो उन्होंने मेरी पढ़ाई पर बहुत ध्यान दिया। मां के सपने को साकार करने लक्ष्य पर ध्यान दिया और माता पिता के पूरे सपोर्ट, आशीर्वाद से सफलता मिल ही गई। इस बीच ऐसा दुख भरा समय भी आया जब मां 4 साल बेड रेस्ट पर रही लेकिन उन्होंने मुझे कभी कमजोर नहीं होने दिया उन्होंने हिम्मत हौसला दिया। अच्छे संस्कार दिए जिसके कारण आज में स्वाभिमान के साथ जीवन व्यतीत कर रही हूं। 1998 बेंच राज्य पुलिस सेवा की अधिकारी अंजना ने इंदौर में प्रशिक्षु डीएसपी से करियर शुरू कर किया किया था इसके बाद उन्होंने कई जिलों में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी। कई सराहनीय कार्य किए जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

## स्कॉलरशिप से की पढ़ाई, आईआईटी दिल्ली तक पहुंची



दसवीं कक्षा में ही एक फाउंडेशन की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद 2 साल के लिए फ्री कोचिंग मिली थी, तभी से मेरा आईआईटी का सफर शुरु हो गया था। कोरोना काल के चलते घर पर सेल्फ स्टडी की, 12वीं कक्षा में 98.67 प्रतिशत अंक हासिल किए थे जिसके बाद जेईई की परीक्षा में 9000 रैंक हासिल करने पर मुझे आईआईटी दिल्ली में एडमिशन मिला, यहां पर मुझे 4 साल के लिए फ्री स्कॉलरशिप में पढ़ाई करने का मौका मिल रहा है। यह कहना है जबलपुर की बेटी अनुष्का पटेल का। अनुष्का ने नवभारत से चर्चा कर बताया कि पढ़ाई के लिए हमेशा से परिवार का सपोर्ट मिला है, जिनकी मेहनत और मेरी पढ़ाई की लगन से आज मैं दिल्ली आईआईटी तक पहुंची हूं। मेरी पढ़ाई करने की लगन को देखते हुए मेरे पिताजी और माताजी ने भी हमेशा सपोर्ट किया है। मैं सभी बेटियों से यह कहना चाहती हूं कि जब तक आप मेहनत नहीं करेंगे और अपने अभिभावक को कुछ करके नहीं दिखाएंगे, तब तक आपको सफलता नहीं मिलेगी। जब आप मेहनत करते हैं तो आपके अभिभावक भी उस मेहनत को देखते आपका साथ देंगे। माना कि बेटियों के लिए जीवन बहुत कठिन होता है, लेकिन आपकी मेहनत और लगन एक दिन आपको सफल बनाकर ही दिखाती है। आप सुनील पटेल- सरस्वती पटेल की सुपुत्री हैं।

## परिवार का साथ मिले तो हर मुकाम छू लेती हैं बेटियां : सुरभि



बोलीं : निष्ठा के साथ कर्मों पर ध्याय दें, गोल बड़ा रखें सफलता जरूर मिलेगी

अगर आपका परिवार आपके साथ है तो आप हर मुकाम को छू सकते हैं। माता-पिता की रिस्पेक्ट करिए जिस भी काम को कर रहे हैं पूरी निष्ठा के साथ करें। अपने कर्मों पर ध्यान दें और अपना गोल बड़ा रखिए आपको सफलता जरूर मिलेगी। यह बातें नवभारत से चर्चा के दौरान सुरभि सुरकेल ने कहीं हैं। जबलपुर की धरती पर जन्मी सुरभि सुरकेल एमपीपीएससी 2024 परीक्षा के अंतिम परिणाम में परचम लहराया है। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय खमरिया व स्नातक की पढाई सेन्ट एलायशिस कालेज से की है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी 2021 से शुरू की थी। जब शुरुआत की थी तो काफी कठिनाइयां आई थी इसके बाद जो गलतियां थी उसे ठीक की और सफलता की सीढियां चढ़ती गई। लगन और मेहनत के साथ दिन-रात एक कर पढ़ाई की। दृढ़ संकल्प और परिवार के अटूट समर्पण के साथ एमपीपीएससी 2024 परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सहायक संचालक (वित्त विभाग) का पद हासिल किया है। जिसका श्रेय उन्होंने मां श्रीमती सरोज सुरकेल व पिता विनोद सुरकेल को दिया है जिन्होंने विश्वास दिखाया बल्कि पूरा सपोर्ट भी किया है। इस सफलता में मेरे दोस्तों की भी अहम भूमिका है जो कमियां थी उन्हे दूर करने में सपोर्ट किया है। कु. सुरभि के पिता हनुमानताल थाने में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ है।

## एक नजर में

### विधायक ने किया सुरभि गार्डन के निर्माण का भूमिपूजन



नवभारत,जबलपुर। कैंट पुलिस थाना के बाजू में 46 लाख रुपए की लागत से सुरभि गार्डन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक अशोक रोहाणी द्वारा किया गया। भूमिपूजन के बाद स्थानीय लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया और क्षेत्र को मिलने वाली गार्डन की सौगात के प्रति खुशी जाहिर की। इस मौके पर कैंट बोर्ड सीईओ राजीव सिंह ,जन सेवक सुंदर अग्रवाल ,अजय पदम ,संजय जैन, आशीष राव, सौरव गोयल संजय सहित अन्य स्थानीय जन उपस्थित रहे।



### एसआईएचएम में विश्व पर्यटन दिवस का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट, जबलपुर संस्था द्वारा शनिवार को वर्ल्ड टूरिज्म डे का अजोजन किया गया7 इस अवसर पर सेंट जेबियल स्कूल रांझी के विद्यार्थियों के लिए होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में कैरियर गाइडेंस की कार्यशाला करायी गई। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को होटल एंड टूरिज्म के क्षेत्र में अवसरों एवं कोर्स की जानकारी दी गयी साथ ही टूरिज्म के महत्त्व के बारे में भी बताया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने स्वयं कई प्रकार के व्यंजन बनाये। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संस्था के प्राचार्य दविंदर पाल सिंह सोढ़ी द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



### संस्कृति और संस्कारों का दर्पण है सनाढय संगम

नवभारत,जबलपुर। सामाजिक पत्रिकाएं संस्कृति और संस्कारों का दर्पण होती हैं। स्व.पं. भवानी प्रसद पाठक ने ब्राह्मण समाज को सनाढ्य संगम के माध्यम से सामाजिक चेतना प्रदान की। तदाशय के उद्गार पं. भवानी प्रसाद पाठक जयंती समारोह में सनाढ्य संगम त्रैमासिक पत्रिका के 150 वे अंक का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि विष्णु राजोरिया, अध्यक्ष- परशुराम कल्याण बोर्ड, भोपाल ने व्यक्त किए। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार चिकित्सक डॉ.श्याम मनोहर सीरोठिया सागर ने कहा की पाठक जी ने संघर्षों के मध्य भी अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। समारोह के विशिष्ठ अतिथि डॉ. हरप्रसाद स्थापक,आचार्य भगवत दुबे, डॉ. रमेश बसेडिया, डॉ. शिव प्रकाश मिश्रा, डॉ. पवन स्थापक जुगलकिशोर उपाध्याय(सागर)ने सनाढ्य संगम के सामाजिक अवदान पर प्रकाश डाला। समारोह का संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं सनाढ्य कल्याण परिषद द्वारा आयोजित विमोचन का संचालन चंद्रशेखर शर्मा ने किया ।कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं का सम्मान किया गया।

## सेवा पखवाड़े में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में संपूर्ण भारतवर्ष में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जबलपुर आशीष दुबे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ मनदीप शर्मा द्वारा की गई विशिष्ट अतिथि जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बृजेश पटेल व विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवायें डॉ सुनील नायक रहे अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन ने %सेवा पखवाड़ा% की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. रामकिंकर मिश्रा, डॉ. माधुरी शर्मा, डॉ सोना दुबे, डॉ. प्रीति मिश्रा, डॉ आर पी सिंह, डॉ अनिल शिन्दे, श्री शिवमोहन सिंह, प्रतीक कुमार तिवारी, प्रियंका गौतम, सत्येन्द्र कटारा, शाम्भवी शेवड़े, अर्चना शर्मा, इमरान खान, बीरबल कुलास्ते, लक्ष्मी कोरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण, कर्मचारी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## जनेकृविवि का 62वां स्थापना दिवस छात्र-छात्राओं को समर्पित :कुलपति

▶ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 62वें स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी श्रृंखला में कृषि महाविद्यालय, के स्वामी विवेकानंद सभागार में अंतरमहाविद्यालयीन चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों हेतु पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्यअतिथि की आसंदी से कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय का 62वां स्थापना दिवस छात्र-छात्राओं के लिए समर्पित है। स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर विविध गतिविधियां आयोजित हुई और विद्यार्थियों ने भी बढ़चढ़कर शामिल होकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्यकम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, कुलसिचव डॉ. अश्वनी जैन, डॉ. जयंत भट्ट, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, डॉ. विजय यादव, डॉ. संजीव कुमार, डॉ.बी. एस.द्विवेदी सहित प्राध्यापक, वैज्ञानिक और विद्यार्थी बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

## स्वच्छता रैली निकालकर किया गया जागरूक



**नवभारत,जबलपुर।** हवाबाग महाविद्यालय, जबलपुर में 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के द्वारा गोद ग्राम में प्रबंधक श्रीमति छाया सिलास एवं प्राचार्य डॉ. श्रीमति शहवार सैयद के मार्गदर्शन में स्वच्छता हेतु शपथ एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सेवा पखवाड़ा समिति के सभी सदस्य डॉ. सीमा सिंह, डॉ. आशा श्रीवास्तव, डॉ. अनीता उपाध्याय, डॉ. संगीता सिन्हा, डॉ. अर्चना चौबे, डॉ. कविता शर्मा, डॉ. अनुदिता बडगैया, डॉ. जयश्री दीक्षित, अभिनव साईखेड़कर सहित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भारती शुक्ला, डॉ. अशोक सोनी, डॉ. कचंन सहगल एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई और लोगो को नारे लगाकर जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. नीलिमा दुबे थी।

## निधि आपके निकट शिविर 29 को

**जबलपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सदस्यों की समस्याओं के समाधान हेतु एक छत के नीचे कार्यक्रम के तहत संयुक्त रूप से निधि आपके निकट 2.0 एवं सुविधा समागम शिविर का आयोजन 27 एवं 28 सितम्बर को अवकाश होने के कारण 29 सितम्बर को कार्यालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी 19 जिलों में आयोजित किया जायेगा। राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने बताया कि 29 सितम्बर को जबलपुर जिले में कर्मचारी राज्य बिमा निगम के कार्यालय के साथ साथ क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय जबलपुर में भी शिविर आयोजित रहेगा। शिविर में चेतन यादय, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, सागर केन्द्रीय पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे।



## 200 हितग्राहियों को वितरित किये सहायक उपकरण

▶ राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत मिली सहायता

**नवभारत,जबलपुर।** सेवा पखवाड़ा अभियान में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत वृद्धजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण करने का कार्यक्रम राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विद्यायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, कलेक्टर जबलपुर श्री राघवेंद्र सिंह की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 200 वृद्धजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया गया। इस अवसर पर पूर्व आयुक्त निःशक्तजन संदीप रजक, रजनीश यादव, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा तथा प्रभारी संयुक्त संचालक समाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सुश्री सोनम बर्वे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## श्री गहोई वैश्य एसोसियेशन की नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ



**नवभारत, जबलपुर।** श्री गहोई वैश्य एसोसियेशन, जबलपुर की नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2025-2028 का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। शपथग्रहण में चुनाव अधिकारी इंजी. श्रीकांत कस्तवार, डॉ. नरेन्द्र सेठ, सी.ए. मनोज सीरा ने निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष एड. अशोक गुप्ता एवं महासचिव नीरज कस्तवार को शपथ दिलाई। तत्पश्चात् कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे गोपालदास नीखरा ने बधाई दी एवं एड. अशोक गुप्ता व नीरज कस्तवार द्वारा नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसके अंतर्गत कोषाध्यक्ष इंजी. आलोक सरावगी कार्यकारी अध्यक्ष एड. उत्तमचंद बिलैया, उपाध्यक्ष इंजी. रामगोपाल ददरया, इंजी. गोपाल गुप्ता, सोमचंद सोनी, एवं अन्य पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। इस कार्यकम में महाकौशल क्षेत्रीय सभा के कार्यकारी अध्यक्ष सुभाषचंद्र रावत, तक्षशिक्षा इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमेन आर. एन. पहारिया, ग्लोबल ग्रुप के शंभूदयाल बड़ेरिया, गहोई शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष डॉ. अरूण सरावगी, एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष इंजी. अशोक नौगरैया, इंजी. अरूण खर्द, डॉ. आर.एस. सोहाने, कैलाश लहारिया, महासभा के संगठन मंत्री अरूण नीखरा, एवं अन्य सदस्यगणों की उपस्थिति रही।

## आतिशबाजी के बीच पंजाबी दशहरा होगा भव्य : महापौर



**नवभारत,जबलपुर।** 1 अक्टूबर को शाम 4 बजे से गौरीघाट के समीप आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के द्वारा पंजाबी दशहरा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के गणमान्यजनों के साथ स्थल पर पहुंचे और नगर निगम के अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखने के निर्देश दिये। महापौर ने निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था रखने स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, टैंकर शाखा, लोककर्म विभाग तथा अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो को गंभीरता के साथ कार्यक्रम के पूर्व पूर्ण कराएं। निरीक्षण के मौके पर महापौर के साथ नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज रिंकू, एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, क्षेत्रीय पार्षद शारदा कुशवाहा, एवं पंजाबी एसोसिएशन के गणमान्यजनों में अध्यक्ष नरेन पाल मलिक, इन्दर विरवानी, नरेश ग्रोवर, उमेश शर्मा, राकेश गुप्ता, यूथ अध्यक्ष अंशुल मलिक, सुधीर मेहता, राजीव ओबेराय, एवं रोहन दीवान आदि उपस्थित रहे।





## स्कूली बच्चों को किया विश्व रेबीज दिवस पर जागरूक

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय द्वारा विश्व रेबीज़ दिवस 28 सितम्बर के उपलक्ष्य में कुलगुरू प्रो डॉ मनदीप शर्मा के दिशा- निर्देश अनुसार, एवं पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ आर. के. शर्मा के निर्देशन में पशुजन स्वास्थ्य एवं महामारी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं विश्व विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ रणविजय सिंह एवं सहायक प्राध्यापक डॉ भावना गुप्ता , डॉ रूचि सिंह , डॉ रश्मि कुलेश द्वारा गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल खमरिया, पिपरिया जबलपुर के छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों को पशुओं में रैबीज़ बीमारी के संचरण, लक्षण तथा उसके बचाव के उपाय एवं साथ ही जानवरों प्रति सद्भाव पूर्ण व्यवहार की जागरूकता विषय पर जानकारी दी गई, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगो के बीच जागरूकता फैलाना था।